an>

Title: Need to construct a bye-pass road on N.H.-3 for Shajapur city and a Railway Over Bridge on Makshi railway crossing in Shajapur Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3 जो आगरा-मुम्बई राजमार्ग के नाम से जाना जाता है, के शाजापुर शहर हेतु बाईपास रोड, मक्सी रेलवे क्रासिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण और उक्त मार्ग को चार लेन का बनाने की महती आवश्यकता है। इन तीनों कार्यों के निर्माण हेतु लम्बे समय से स्वीकृति आदि की कार्यवाही चल रही है। मक्सी आर.ओ.बी 2006 से स्वीकृत है फिर भी काम चालू नहीं हो रहा है। कारणवश जन असंतोष व्याप्त है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इन तीनों कामों विशेषकर शाजापुर बाईपास और मक्सी आर.ओ.बी का काम शीघ्र करवाने की कृपा करें।